तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026



12 बाबा रविदास जी की 649वीं जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक ..

11 दल्लीराजहरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतिराम ...








## खबर संक्षेप

### एचटी की चपेट में आया मजदूर, हालत गंभीर



**बालोद।** निर्माणाधीन मकान में कार्य करते समय मजदूर हाईटेंशन बिजली की चपेट में आ गया। जिसके बाद आस पास मौजूद अन्य मजदूरो द्वारा घायल मजदूर को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नेवारीखुर्द में निर्माणाधीन दो मंजिला मकान में कार्य करने के दौरान एक मजदूर हेमंत मंडावी हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह झुलसकर नीचे गिर गया, हादसे में मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया, आस पास मौजूद अन्य मजदूरो ने उसे अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया। जहां घायल व्यक्ति का ईलाज जारी है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**गुण्डरदेही।** सोमवार को कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची रनचिरई पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। मिली जानकरी के अनुसार गुण्डरदेही बघमरा निवासी मृतक मोहित यादव पिता उदय यादव 20 वर्ष सोमवार को चिचबोड़ मंडाई के दौरान अपने बाइक से बैटरी छोड़ने गया था, जहां युवक एक आइसक्रीम दुकान मे काम करता था। युवक बैटरी छोड़कर अपने रिश्तेदार के यहां आगे बेलौदी गांव गया था, वापसी चिचबोड़ आते समय एक मोड़ के पास चिचबोड़ की ओर से आर रही सफेद कार सीजी 04 – 6184 की चपेट में आने से बाइक सीजी 24 – 2835 सवार युवक गुण्डरदेही बघमरा निवासी मोहित यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जहां रनचिरई पुलिस घटनास्थल पहुंचकर कार व बाइक को अपने कब्जे मे लेकर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

### निष्काम भक्ति और संतोष से मिलती है प्रभु कृपाः पं. सूरज प्रसाद दुबे

**गुरूर।** सुदामा दीन हीन ब्राह्मण नहीं निष्काम कर्मयोगी थे। उन्होने अपने कर्मयोग के बल पर ईश्वर का सानिध्य व कृपा प्राप्त की। मनुष्य स्वयं को भगवान बनाने के बजाय प्रभु का दास बनने का प्रयास करें, क्योंकि भक्ति भाव से जब प्रभु में वात्सल्य जागता है तो भगवान अपने भक्त के पास दौड़े.चले आते हैं। उक्त बातें ग्राम बोहारडीह में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक पंडित सूरज प्रसाद शेष पेज 10 पर

# गुण्डरदेही विद्युत केंद्र के रजत जयंती महोत्सव में कर्मचारी और उपभोक्ता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज >> गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिजली विभाग गुण्डरदेही वितरण केंद्र में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की, मुख्य आतिथि प्रमोद जैन ने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत कर प्रदेश के हर गांव और हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभूतपूर्व कार्य किया है। आज सरकार की नीतियों के कारण ही आम जनता को बड़ी राहत मिल रही है।

## 200 यूनिट छूट और किसानों को मुफ्त बिजली योजना पर जोर



### ये रहे शामिल

कनिष्ठ यंत्री निशांत देवांगन द्वारा आयोजित इस समारोह में सेवा निवृत कर्मचारियों के साथ घरेलू, गैर–घरेलू और बीपीएल श्रेणी के उत्ष्टकृ उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पांच हितग्राही को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र राय, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष भाजपा एवं जनपद सदस्य गुलशन साहू, जनपद सदस्य देविका बंजारे, जनपद सदस्यहेमलता देशलहरा, कार्यक्रम संचालक शुक्ला सहित विभाग के सिन्हा, यशवंत चंद्राकर, टीका राम सिन्हा, सोनिया मानिकपुरी और बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा बिजली बिल में प्रतिमाह 200 यूनिट तक की छूट दी जा रही है, जो मध्यम और गरीब परिवारों के लिए बड़ा संबल है। साथ ही कृषक ज्योति योजना के अंतर्गत किसानों को 750 यूनिट प्रतिमाह 7500 यूनिट प्रति वर्ष तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत मिल रही भारी सब्सिडी का लाभ उठाकर हर नागरिक को अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाना चाहिए और बिजली बिल की चिंता से मुक्त होना चाहिए। जैन ने कहा कि विद्युत विभाग भवन एवं बाउंड्रीवाल और कार्यालयीन विकास हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राशि की मांग की जाएगी।

## प्रतिक्रिया : कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर

# केंद्रीय बजट गरीब, किसान, महिला और युवाओं के विकास को संबल प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज >> गुरूर

केंद्रीय आम बजट पर जनपद सभापति संध्या अजेंद्र साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस बजट को गरीब, किसान, महिला और युवा केंद्रित बजट बताया।



संध्या साहू ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सरकार करने वाला है, बजट में ग्रामीण विकास, पंचायत के सशक्तिकरण, कृषि महिला स्वालंबन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है, इस बजट में बेटियों के लिए प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की स्थापना की जाएगी जिससे बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी और बेटियां सशक्त बनेगी। यह बजट किसानों ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदशएँ कदम है वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए यह बजट कृषि रोजगार और तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दी गई है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को शेष पेज 10 पर



## केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव : आदित्य सिंह

**गुरूर।** केंद्रीय आम बजट की भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख एवं पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बालोद आदित्य सिंह पिपरे ने सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग सभी को साथ लेकर चलने वाला बजट है, जो



विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की मजबूत नींव रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास की भावना और विकसित भारत 2047 के विजन को केंद्र सरकार बजट 2026 पेश किया है, यह प्रधानमंत्री के विजन और उनकी दूर दृष्टि का बजट है, भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही पढ़ाई से लेकर रोजगार और उद्यम स्थापित करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह, महिला उद्यमिता, पोषण, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास से जुड़े उपाय महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगे। युवाओं और रोजगार के विषय में बजट में कौशल विकास, स्टार्टअप्स, तकनीकी शिक्षा, डिजिटल इकोनामी और नई रोजगार सृजन पर जो फोकस किया गया है उससे देश की युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे। यह बजट युवाओं के आकांक्षाओं के अनुरूप है यह बजट विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता का संतुलित दस्तावेज है, किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किए गए प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे वहीं युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

### जुमलों से सजा दस्तावेज है यह बजटः अनिला भेड़िया



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय विधायक अनिला भेड़िया ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह बजट शब्दों और जुमलों से सजा हुआ है, लेकिन इसमें देश की जनता की वास्तविक जिंदगी की झलक तक नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर लगातार गिरावट में है, विदेशी निवेशक भारत से पूंजी निकाल रहे हैं, मध्यम वर्ग की बचत तेजी से घट रही है और किसान लगातार संकट में फँसे हुए हैं। बावजूद इसके, बीजेपी सरकार का बजट इन गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह मौन है। माननीया भेड़िया जी ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने एक बार फिर आंकड़ों और भाषणों से हकीकत छिपाने की कोशिश की है न तो रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस रोडमैप है, न किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस पहल और न ही महंगाई से त्रस्त आम परिवारों को कोई वास्तविक राहत, उन्होंने कहा कि यह बजट विकास का रोडमैप नहीं, बल्कि सरकार की आत्मप्रशंसा का दस्तावेज है। देश को जिस संवेदनशीलता और दूरदृष्टि की जरूरत थी, वह इस बजट में पूरी तरह नदारद है। अनिला भेड़िया ने आगे कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए और जमीनी सच्चाइयों को स्वीकार करते हुए रोजगार, कृषि, छोटे उद्योग और आम जनता के हित में ठोस आर्थिक कदम उठाने चाहिए।

## केंद्रीय बजट देश के विकास का रोडमैप : तोमन साहू



**बालोद।** केंद्रीय बजट 2026 की घोषणा के बाद भाजपा पदाधिकारियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद एवं चेयरमेन इंडियन रेड क्रास सोसायटी तोमन साहू ने केंद्रीय बजट 2026 देश के विकास और जनकल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

तोमन साहू ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो देश के विकास को गति देंगी। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई हैं, जो उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगी। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। केंद्रीय बजट 2026 में शिक्षा शेष पेज 10 पर

## जनकल्याण और समावेशी विकास को समर्पित है केंद्रीय बजटः डॉ. देवेंद्र माहला

**कुसुमकसा।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प को चरितार्थ करता यह बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः समर्पित है। यह बजट समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने वाला है।



■ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम

महामंत्री प्रदेश भाजपा अनु. जन. जाति मोर्चा डां. देवेंद्र माहला ने कहा कि इस बजट में महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार, किसान हित, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनजातीय कल्याण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है और प्रदेश व देश के समावेशी विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी सोच और दूरदर्शी नीति को दर्शाता है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। महामंत्री प्रदेश भाजपा अनु. जन. जाति मोर्चा डां. देवेंद्र माहला

ने निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कहा कि बजट के क्रिन्यानवन से आर्थिक रूप से भारत अग्रणी देशों की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि बजटको सर्वव्यापी सर्वजन के हितों को ध्यान में रखकर दूरगामी सोच के साथ बनाया गया है, उन्होंने बजट की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्वव्यापी एवं सर्वजन हितों को ध्यान में रखकर बने बजट मेंसभी वर्गों एवं सभी क्षेत्रों कासमान रूप से ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा शेष पेज 10 पर

# दल्लीराजहरा में कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम बघेल का जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अल्प प्रवास के दौरान नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार और यादगार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के उत्साह, जोश और एकजुटता ने इस संक्षिप्त प्रवास को खास बना दिया।

जोश देख वाहन से उतरकर मिले कार्यकर्ताओं से नगर के गुप्ता चौक पर आयोजित स्वागत के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गगनभेदी नारों और उत्साहपूर्ण माहौल को देखकर भूपेश बघेल ने प्रोटोकॉल से हटकर अपने वाहन से नीचे उतरकर सीधे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



### संगठन की एकजुटता आई नजर

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा और नगर पालिका के छाया अध्यक्ष रवि जायसवाल के नेतृत्व में संगठन की मजबूत एकजुटता देखने को मिली। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहने और संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा देखने को मिली, जिससे आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर उत्साह का वातावरण बना रहा।

# ओबीसी महासभा ने राष्ट्रीय जनगणना और यूजीसी विनियम 2026 को लेकर सौंपे ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज >> डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा द्वारा राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रथम चरण (हाउस लिस्टिंग) की 33 बिंदु प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 12 में ओबीसी श्रेणी को शामिल करने की मांग को लेकर देशव्यापी ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री भारत सरकार, पंजीयक जनरल एवं जनगणना आयुक्त तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन के नाम पृथक-पृथक सौंपा गया।

संगठन ने यूजीसी द्वारा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित "उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम, 2026" का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि ये विनियम उच्च शिक्षा में समानता, समावेशन और भेदभाव की रोकथाम की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। इसके तहत समान अवसर केंद्र , समानता समिति, 24×7 समानता हेल्पलाइन, समानता दल एवं समानता दूत जैसी व्यवस्थाएं सामाजिक न्याय को मजबूत करेंगी।

दूसरे ज्ञापन में महासभा ने जनगणना प्रश्नावली के प्रश्न क्रमांक 12 में केवल अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और "अन्य" विकल्प होने पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ओबीसी श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख न होना गंभीर चिंता का विषय है। महासभा ने मांग की कि प्रश्नावली में ओबीसी का स्पष्ट ब्यौरा जोड़ा जाए तथा यह सार्वजनिक किया जाए कि ओबीसी जाति गणना किस चरण और किस प्रक्रिया से की जाएगी। इसी क्रम में बालोद शेष पेज 10 पर

## मजदूर के अधिकारों पर मंथन, हड़ताल की तैयारी तेज

# सीटू का तीन दिनी राज्य सम्मेलन शुरू, 12 को श्रम कानूनों के खिलाफ हड़ताल

हरिभूमि न्यूज >> दल्लीराजहरा

सेंटर ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन (सीटू) का आठवां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तीन दिवसीय सम्मेलन शनिवार से लौह नगरी दल्ली राजहरा में शुरू हुआ। सम्मेलन का आयोजन 1 से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। उद्घाटन राज्य अध्यक्ष एस.एन. बनर्जी ने सिंधु भवन में झंडा फहराकर किया। इसके बाद शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

उद्घाटन दिवस पर जैन भवन चौक से विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें लगभग 800 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जुलूस जैन भवन चौक से गुप्ता चौक, शहीद शंकर गुहा नियोगी चौक और श्रमवीर चौक होते हुए वापस सभा स्थल पहुंचा, जहां यह आमसभा में परिवर्तित हो गया।

आमसभा के मुख्य अतिथि तपन सेन, उपाध्यक्ष आल इंडिया सीटू रहे। विशिष्ट




अतिथि एस.एन. बनर्जी (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सीटू), एम.के. नंदी (महासचिव छत्तीसगढ़ सीटू), धर्मराज महापात्र (सचिव छत्तीसगढ़ सीटू), एम.एस. शांतकुमार, बी.एम. मनोहर और केपीजी पाणिकर उपस्थित थे।

सभा में केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे श्रम कानूनों में संशोधन, लेबर कोड, बिजली के निजीकरण, आंगनबाड़ी, मध्यान्ह भोजन कर्मियों और खदानों में कार्यरत मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि नए श्रम कानून मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करते हैं और बड़े पैमाने पर मजदूरों को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर कर देते हैं।

तपन सेन ने कहा कि लेबर कोड के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा और 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के संघर्ष से ही उत्पादन और उद्योग चलते हैं।

एस.एन. बनर्जी ने कहा कि दल्ली राजहरा संघर्षों की धरती रही है और आज भी मजदूर वर्ग के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी हैं। केंद्र सरकार की नीतियां मेहनतकश वर्ग के हितों के खिलाफ हैं, जिसके विरोध में संगठित संघर्ष आवश्यक है।

धर्मराज महापात्र ने कहा कि मजदूरों को मिले अधिकार लंबे संघर्षों और कुर्बानियों का परिणाम हैं। इन अधिकारों को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा। उन्होंने 12 फरवरी को छत्तीसगढ़ में हड़ताल और राजहरा बंद का आह्वान किया।

सम्मेलन के दौरान सीटू दल्ली राजहरा के संस्थापक सदस्य केपीजी पाणिकर को साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में आयोजन समिति अध्यक्ष एम.एस. शांतकुमार सहित ज्ञानेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, क्षत्रिय पुरुषोत्तम सिमैया, विनोद मिश्रा और सीटू के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# दरगहन पंचायत में राशि आहरण के बाद भी नहीं हुआ निर्माण, ओपन कला मंच व पुल निर्माण अटके

हरिभूमि न्यूज >> गुरूर

ग्राम पंचायत दरगहन में राशि आहरण कर नही कार्य नही करने का दूसरा मामला सामने आया है। यहां ओपन कला मंच के लिए ढ़ाई लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। स्वीकृति 2024 में हुई थी, उसकी राशि आहरित हो गई, लेकिन ढेड़ साल बाद भी कला मंच नही बना। पंचायत में साढ़े सात लाख रूपये से बनने वाले पुल के लिए प्राप्त प्रथम किस्त की राशि को भी पंचायत ने ढेड़ साल पूर्व निकाल लिया था लेकिन अब तक उसका निर्माण भी प्रारंभ नही हुआ है।

ग्राम पंचायत दरगहन मे ग्राम दरगहन मे ओपन कला मंच के लिए तत्कालिक जिला पंचायत सदस्य ने अपनी निधि से ढ़ाई लाख की स्वीकृति दी। इसकी पहली किस्त की राशि 1.25 लाख रूपये पंचायत को 2024 मे ही प्राप्त हो गई। पंचायत ने उसी दौरान यह राशि बिना कार्य कराए ही आहरित कर ली, लेकिन कला मंच के लिए राशि आहरण के ढ़ेड़ साल बाद भी कला मंच के लिए नीव की खुदाई नही हुई है। मामले मे त त का ली न पंचायत ने राशि आहरित की थी, लेकिन वह कला मंच नही बना सका और चुनाव नई पंचायत गठित हो गई। एक साल पूर्व गठित वर्तमान पंचायत पदाधिकारी एवं पूर्व पंचायत पदाधिकारीयो के मध्य कार्य को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

■ ढाई लाख स्वीकृत, डेढ़ साल बाद भी नहीं बना कला मंच

बताते है कि पूर्व पंचायत पदाधिकारी स्वयं कार्य कराना चाह रहे थे एवं वर्तमान पदाधिकारी स्यवं कार्य कराना चाह रहे थे, जिससे विवाद की स्थिति हो गई। अधिकारियो के हस्ताक्षेप के बाद पूर्व पंचायत पदाधिकारी ने वर्तमान पंचायत पदाधिकारी को राशि दे दी।

राशि मिलने के महीनो बाद भी वर्तमान पंचायत ने भी कार्य प्रारंभ नही किया। वर्तमान सरपंच त्रिभा बंजारे ने कहा राशि का आहरण पूर्व पंचायत द्वारा किया गया था। अब राशि प्राप्त हो गई है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व उपसरपंच कल्याण पुरी गोस्वामी ने कहा स्थल चयन को लेकर विवाद था, जिससे तत्काल कार्य प्रारंभ नही हो सका। आहरित राशि वर्तमान सरपंच को दे दी गई है। पंचायत सचिव त्रिवेणी गंजीर ने कहा ग्रामीण स्थल को लेकर निर्णय नही कर पा रहे है। अब स्थल चयन हो गया है एवं सामग्री भी आ गई है। शीघ्र कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रजत महोत्सव आज पावर कंपनी के तत्वावधान में समरता भवन में सजेगा उत्सव

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड शाखा जामगांव आर में मंगलवार 3 फरवरी को समरता भवन बाजार चौक जामगांव आर में 12 बजे से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया है।

### ग्राम परसाही में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज

**लाटाबोड़।** ग्राम परसाही( लाटाबोड़) में कन्हा श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से भगवान श्याम सुन्दर जी की असीम कृपा से श्रीमद भागवत महापुराण कथा का सु आयोजन किया है। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आज 03 फरवरी मंगलवार से विशाल जलयात्रा, वेदी पूजन, व्यासपीठ पूजन संपन्न होगा। गीता पाठ प्रावचन, हवन पूर्णाहूति, भोगभंडारा के साथ समापन होगा ग्रामीण जीवन साहू ने बताया श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता पंडित श्री नवीन कृष्ण जी महराज श्रीधाम राम जानकी मंदिर मोखला आरंग वाले होंगे।

### 19 थानों से आबकारी के 69 प्रकरण मिले

**भिलाई।** जिले के 19 थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने 69 प्रकरण दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए अवैध शराब बेचने, परिवहन, संग्रहण को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें थाना खुर्सीपार 5, कुम्हारी 3, जामुल 5, छावनी 5, नेवई 2, वैशाली नगर 6, भिलाई नगर 1, सुपेला 6, दुर्ग 4, मोहन नगर 4, नंदनी 1, धमधा 4, पाटन 4, अमलेश्वर 2, रानीतराई 2, पुलगांव 4, अंजोरा 3, पद्मनाभपुर 3, उतई 5 शामिल है। पुलिस ने अभियान में थाना प्रभारियों, विवेचना और पेट्रोलिंग कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही है।

### माह भर बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में मिले महिला के शव के मामले में पुलिस को अब तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग पाया है। शिनाख्त करने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिला के फोटो को वायरल भी किया। मगर शिनाख्त करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस ने जिले के ग्रामीण व शहरी थानों में लापता की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। महिला का शव कुम्हारी रेलवे ट्रैक के आसपास झाड़ियों में मिला था। शव पूरी तरह से डी-कंपोज हो गया था। शव का शिनाख्त करने पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है।

### गैंगरेप मामले में अब भी तीन रसूखदार फरार



**भिलाई।** नौकरी का झांसा देकर नाबालिग के साथ गैंगरेप करने के मामले में अब भी तीन रसुखदार पुलिस पकड़ से बाहर है। घटना में 6 आरोपियों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने दो आरोपी को शनिवार और रविवार को एक को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गैंगरेप के मामले में पुलिस ने चौकड़िया पारा, वार्ड 35, जिला राजनांदगांव निवासी गोविंद सिंह नागवंशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुर्ग के पीडब्लूडी विभाग से सेवानिवृत्त कर्मी है। इसके अलावा निज सहायक रहे बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप, संजय पंड़ित अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर है।इन तीनों बड़े रसुखदारों में आते है। नाबालिग के शिकायत के बाद ही तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए है। पुलिस तीनों को पकड़ने के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। आठ सालों से नाबालिग के साथ लगातार गैंगरेप करने वालों की जानकारी तक कानोकान किसी को नहीं हो पाई।

## प्रतिमाह मिल रही 1,000 रुपये की राशि

# महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर बनीं सेवती बाई, बच्चों की पढ़ाई में मिल रहा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य में प्रारंभ किए गए महतारी वंदन योजना राज्य के अनेक जरूरतमंद महिलाओं के लिए हर दृष्टि से बहुपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। इसी कड़ी में राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका सेवती बाई ठाकुर के लिए अत्यंत मददगार एवं उपयोगी साबित हो रहा है।

महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रूपये की राशि का उपयोग सेवती बाई अपने बच्चों के शिक्षण शुल्क जमा करने के साथ अन्य आवश्यक कार्यों में कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह उनके खाते में समय पर राशि जमा हो जाने से अब वे निश्चित होकर शासकीय दायित्वों के साथ-साथ पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन कर पा रही है। इस योजना का



सराहना करते हुए सेवती बाई ने बताया कि राज्य शासन का महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना हमारे जैसे अनेक जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनकर वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में इस योजना के लागू होने के पूर्व उसे अपने बच्चों के स्कूल की फीस एवं इलाज आदि के लिए अपने पति एवं घरवालों के ऊपर आश्रित रहना पड़ता था। जिसके कारण समय पर पैसे की प्रबंध करने में बहुत कठिनाई होती थी। लेकिन अब महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिमाह उनके खाते में 01 हजार रूपये राशि नियमित रूप से जमा होने से बच्चों के स्कूल की फीस जमा करने के अलावा अन्य जरूरी कार्यों को पूरा करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही होती।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि हम जरूरतमंद महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन गया है। सेवती बाई ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा एक सच्चे अभिभावक की भाँति हम महिलाओं की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए हमें जो आत्मनिर्भर एवं संबल बनाने का कार्य किया गया है वह वास्तव में अत्यंत काबिले-तारीफ है। उन्होंने इस योजना को राज्य में लागू कर अपने जैसे प्रदेश के अनेक जरूरतमंद महिलाओं को सहारा एवं संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विनम्र आभार व्यक्त किया है।

# अंजोरा स्कूल में बिदाई समारोह का हुआ आयोजन

## शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : संगीता साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा



स्वामी आत्मानंद शास. हिन्दी अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंजोरा ख दुर्ग में व्याख्याता होरी लाल चतुर्वेदी के सेवानिवृत्त पर बिदाई समारोह का आयोजन प्राचार्य संगीता साहू के उपस्थिति में शाला के सभागार में 31 दिसंबर 2026 को किया गया।

सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पुष्प हार व टीका लगा कर स्वागत किया और उपहार,साल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। व्याख्याता होरी लाल चतुर्वेदी ने अपना अनुभव साझा किया शाला के 13 वर्ष के कार्यकाल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यहां आकर बहुत कुछ सीखने मिला सभी स्टाफ व सभी विद्यार्थियों बहुत सहयोग किया इसलिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। प्राचार्य संगीता साहू ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि चतुर्वेदी सर व्यवहारिक व अनुशासन प्रिय हैं। शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता शिक्षा विभाग के बनाए नियम से सेवानिवृत्त होता है।

इस अवसर पर व्याख्याता गण शिवनारायण देवांगन, शशिकला चन्द्राकार, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, जुलता त्रिपाठी, मनोज कुमार गुप्ता, उमा राठौड़, शारदा साहू , भिनेश्वरी साहू,व्यायाम शिक्षक सुभाषिनी एलन,सहा. शिक्षक विज्ञान गण अभिलाषा साहू, मीना रावटे व आकाश दुबे ,भृत्य स्वाति शर्मा ,स्वीपर चमेली साहू अंग्रेजी माध्यम से व्याख्याता गण प्रेरणा गौतम, योग प्रज्ञा साहू, दुष्यंत बंजारे, कार्तिकेश्वर राठौर, हिमागी साडिल्य शिक्षक गण भावना क्षत्री, नोबल देवांगन,भावना देवांगन, सहा. शिक्षक आनंद दास, मोनिका चन्द्राकर, मेघा, दुर्गा ठाकुर, केसर पटेल,कम्प्यूटर टीचर भाविका साहू ग्रंथपाल, निधि साहू व यामिनी तथा शाला के सभी विद्यार्थियों ने सेवानिवृत्त पर हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

## इंडियन नेवी में चयनित मेष कुमार का भव्य स्वागत, युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत



**गुरूर।** ग्राम दर्रा में सुरेश साहू के पुत्र मेष कुमार इंडियन नेवी एसएसआर में चयन बाद चार माह की ट्रेनिंग पूर्ण कर गांव लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। डीजे, बाजे और आतिशबाजी के साथ परिजनों एवं ग्रामवासियों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया।

गांव पहुंचकर मेष कुमार ने सबसे पहले गांव के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। डीजे की धुन पर दोस्त, परिजन और ग्रामीण नाचते-गाते उनके घर पहुंचे, मेष कुमार की माता बागेश्वरी साहू एवं दादी यशोदा बाई ने आरती एवं फूलों की माला पहनाकर उनका भावुक स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि मेष कुमार की सफलता से अन्य युवाओं को भी देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी। स्वागत कार्यक्रम में परिवार के सदस्य बुधराम सार्वा, प्रेम बाई साहू, सोनसाय सार्वा, लीलाराम साहू, ललित साहू, पवन साहू, शुभम साहू, सूर्या साहू सहित बड़ी संख्या में परिजन मौजूद रहे। वहीं मित्रों में रवि साहू, ओमेश्वर सिन्हा, हिमांशु साहू, चुम्मन साहू, खिलेश्वर साहू सहित अनेक साथी और सैकड़ों ग्रामवासी स्वागत समारोह में शामिल हुए।

# मटिया में दो दिनी सत्संग समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मटिया में दो दिवसीय सत्संग समारोह का भव्य शुभारंभ अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक की मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मटिया में सत्संग समारोह आयोजन का प्रथम दिवस श्रोताओं ने भजन, कीर्तन, और ज्ञान चर्चा के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। आयोजन के प्रथम दिवस संत रमाशंकर साहेब, संत शीतल दास साहेब, संत सुशांत दास साहेब, संत गुलाब साहेब एवं संत नारायण दास साहेब ने बीजक पाठ, भजन एवं प्रवचन के माध्यम से श्रोताओं को बताया कि सत्संग का मुख्य उद्देश्य मन को शांत करना, ज्ञान प्राप्त करना, सकारात्मकता लाना और जीवन के उच्च लक्ष्यो को समझना है। कार्यक्रम के





आयोजनकर्ता अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राज महंत सावलाराम डहरे ने कहा कि से सत्संग का समाज में बेहतर प्रभाव रहता है। सत्संग की संतोष वाणी समाज की विकास और समाज सुधार का कार्य करता है। यह कार्यक्रम संत श्री कबीर साहेब का सत्संग कार्यक्रम है। उन्होंने आगे कहा की संत श्री कबीर दास संत ही नहीं बल्कि एक समाज सुधारक भी थे। देश में जब मध्यकाल के दौरान छुआछूत, उच नीच और भेदभाव, जातिवाद और धर्म वाद को फटकारते हुए काव्य रचना की और समाज सुधार की बात की। आज के परिपेक्ष में कबीर दास जी की वाणी सत प्रतिशत प्रासंगिक है।

उन्होंने आगे कहा कि संत श्री कबीर दास जी की सत्संग समारोह का कार्यक्रम सभी ग्राम में समय-समय पर होते रहना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में धनराज सिंह डाहरे, भूषण डाहरे, समीर डाहरे, अनिल डाहरे, सलीम डाहरे, सकेत डाहरे, ग्राम मटिया के सरपंच दशमत महेन्द्र रात्रे सहित समस्त ग्रामवासी ने संत के अमृत वाणी से कबीर बीजक का अमृत पान किया। साहेब ने इस दुनिया में मां के स्थान को सबसे ऊंचा बताया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 7 को लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा आयोजित

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2026-27 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 09वीं एवं 11वीं हेतु लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 07 फरवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के प्राचार्य ने बताया कि उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए 9वीं हेतु 135 एवं 11वीं में 205 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थीं वेबसाईट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली से संपर्क किया जा सकता है।

24 घंटे पहले हुई थी मकान में चोरी

आरोपी घरेलू नौकरानी निकली

# मकान में चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने पकड़ा

**पुलिस ने 20 लाख के जेवरात किया जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

घरेलू कामकाज करने वाली महिला ने लाखों रुपए का समान मकान से चोरी किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।



घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एचआईजी 57 पद्मनाभपुर निवासी राहुल जैन के मकान से सोने-हीरे के आभूषण चोरी हुई थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा नेवई निवासी कविता देशलहरे को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए बुलाया। जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वो राहुल जैन के मकान में काम करने जाती थी। उन लोगों का उसके प्रति काफी विश्वास हो गया था। इसीका फायदा उठाते हुए उसने वहां चोरी की। पद्मनाभपुर पुलिस ने कविता के पास से सोने-हीरे के आभूषण समेत अन्य सामान जब्त किया है। जब्त सामानों की कीमत 20 लाख रुपए है। कार्रवाई में पदमनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### महिला के पास से ये सामान हुआ जब्त

एक हीरे जड़ी सोने की चेन, दो सोने के मंगलसूत्र, एक सोने का नेकलेस, दो कान के झुमके, एक चांदी की करधन, एक बड़ी पायल, एक छोटी पायल, दो बिछिया।

### चोरी के जेवरात खरीदने वाला भी पकड़ाया



पुलिस ने टंकी मरोदा स्थित गोविंद ज्वेलर्स संचालक रमेश सोनी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी कविता ने मकान से चोरी किए गए जेवरातों को रमेश सोनी के शॉप पर बेचा था। आरोपी के पास से पुलिस ने 47 हजार नगदी और सोना चांदी व हीरे के जेवरात भी जब्त किया है।

### सूने मकान में चोरी आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**भिलाई।** श्राध्द कार्यक्रम में गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर गुल्लक से रकम, और जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वर्षा साहू अपने मकान में ताला जड़कर दादा काशी राम के श्राध्द कार्यक्रम में गई थी। देर शाम घर वापस मानीघरी आकर देखी तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर घुसकर देखने पर गुल्लक टुटा पड़ा मिला। जिसमें 1500 रुपये, चांदी की चेन 1100 रुपया, मोबाइल 5 हजार, घरेलू कपड़ा 1500 रुपया और कॉलेज का आईडी कार्ड गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद घटना की शिकायत पुलिस से किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले के साथ ही पूछताछ कर रही है।

# प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने दो महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पदुमनगर चरोदा वार्ड 19 भिलाई

- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना, छतीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत कार्रवाई



तीन निवासी रुखमणी पाण्डेय ने पुलिस में शिकायत की है कि वो घरों में खाना बनाने का काम करती है। 25 जनवरी को दो अज्ञात महिलाएं उनके घर पहुंची। मसीह धर्म अपनाने पर बीमारी ठीक होने व आर्थिक सहायता का प्रलोभन दिया देने का आरोप लगाया। सहमति नहीं देने पर वे महिलाएं चली गई थी। फिर दोनों महिलाएं घर आई और धर्म अपनाने, बाइबिल पढ़ने, आर्थिक सहायता, इलाज, बेटी की शादी में सहयोग करने का प्रलोभन दिया। परिजनों द्वारा विरोध किया और शिकायत पुलिस से करने के बाद महिलाओं की खोजबीन की गई। इस दौरान पुलिस ने खुर्सीपार निवासी सारिका डाडिंगे और कुम्हारी प्रियंका साइमन को पकड़ा गया। मामले में पुलिस ने धारा 299 बीएनएस, 04 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## पेज 9 का शेष

### केंद्रीय बजट गरीब, ...

नई गति मिलेगी। बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं कृ षि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार आधुनिक कृ षि तकनीक के उपयोग किया गया है।

### केंद्रीय बजट देश ...

और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जो देश के भविष्य को मजबूत बनाएंगी। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय बजट 2026 में रोजगार के अवसर बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

### जनकल्याण और समावेशी ...

कि मोदी जी के विकसित भारत 2047 तक भारत को विश्व का सिरमौर बनाने की दिशा मे बजट मील का पत्थर साबित होगा । आर्थिक रूप से भारत को सक्षम बनाने के लिए प्रत्येक सेक्टर में विशेष रूप से ध्यान रखा गया है उन्होंने कहा किमेडिकल सेंटर के क्षेत्र में बायो फॉर्म के लिए 10000 करोड़ का बजट दिया गया है जिससे ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से मेडिकल क्षेत्र में अनेकोंनेक प्रयास किए जाएंगे। डॉ. माहला ने कहा कि निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में देश की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर समावेशी बजट बनाया गया है ।इनकम टैक्स के स्लैब में कोई राहत नहीं दी गई है। परंतु रिटर्न फाइलिंग करने के लिए तीन माह का अतिरिक्त समय दिया गया है। जिसके कारण व्यापारियों को रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने में आसानी होगी। दूरगामी परिणाम देश को अग्रणी बनाने की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे। डॉ माहला ने कहा कि देश के रक्षा बजट में भी .15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिसके कारण हथियार खरीदी और सेना के आधुनिकरण पर पिछले साल के मुकाबले अधिक खर्च किए जाएंगे ।

### ओबीसी महासभा ने राष्ट्रीय ...

जिले के डौंडी लोहारा विकासखंड में तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। लये रहे सामिल : अवसर पर ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश सह सचिव एम.डी. साहू एवं पुनेश्वर देवांगन, कर्मचारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भागवत राम इंदौरिया, भालूकोन्हा ग्रामीण अध्यक्ष प्रभु राम यादव, कसही ग्रामीण अध्यक्ष राममिलन साहू, धनगांव ग्रामीण अध्यक्ष पदारथ पटेल, महेश कुमार, एडवोकेट टुमन लाल साहू, एडवोकेट भीषम चंद्राकर, संजय कुमार यादव, विशेशर विश्वकर्मा, एडवोकेट चंद्रभूषण पटेल, एडवोकेट विजय कुमार यादव, एडवोकेट थानेश्वर साहू सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। वहीं बालोद में जिला अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, नगर अध्यक्ष सतीश यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, महिला मोर्चा जिला महासचिव पद्मनी साहू तथा गुरुर ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू और बालोद ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### निष्काम भक्ति और संतोष से ...

दुबे ने कही। सूरज प्रसाद दुबे ने कहा कि सुदामा की मित्रता भगवान के साथ निःस्वार्थ थी, उन्होने कभी उनसे सुख साधन या आर्थिक लाभ प्राप्त करने की कामना नहीं की, लेकिन सुदामा की पत्नी द्वारा पोटली में भेजे गए, चावलों में भगवान श्री कृष्ण से सारी हकीकत कह दी और प्रभु ने बिन मांगे ही सुदामा को सब कुछ प्रदान कर दिया। संतोष सबसे बड़ा धन है। उन्होने कहा कि संतोष व निष्काम भक्ति से सुदामा ने भगवान का सानिध्य प्राप्त करने के साथ परम पद हासिल किया। उन्होने लोगों से श्री कृष्ण व सुदामा की मित्रता से सीख लेने का संदेश दिया। ग्राम बोहारडीह में 27 जनवरी से 3 फरवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन ग्रामीण संहित आसपास के श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं।

# कंपनी के कलेक्शन रकम की हेराफेरी सुपरवाइजर के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** कंपनी के दैनिक कलेक्शन की राशि में हेराफेरी कर सुपरवाइजर ने लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एनटेक्स ट्रान्सपोर्टेशन ससर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड फिलपकार्ट इंटरनेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में जतिन कुमार झा सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। आरोपी जतिन वितरण, कैश कलेक्शन, शाखा प्रबंधन का कार्य भी संभालता था। प्रधान कार्यालय पुणे से 8 दिसंबर 2025 को सूचना मिली कि उसने कलेक्शन की राशि के जमा स्लिप में फेर बदल कर एजेंसी को 47226 की राशि, 27 नवंबर को कैश मैनेजमेंट सर्विस के जमा 11 हजार 175 रुपए और पर्ची में बदलाव करके 18,275 रुपए बताया गया।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सीईओ निखत ने आवास निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**बालोद।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना ने आज ग्राम पंचायत बेलौदी एवं मटिया ह के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रगति, भुगतान की स्थिति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लाभों की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ आवास के हितग्राहियों को जल्द आवास निर्माण शुरू कराने तथा निर्माणाधीन आवास के हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने हितग्राहियों को आश्वस्त किया कि किस्त राशि आवास निर्माण के अनुरूप जल्द प्राप्त होंगी, इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं होगा। उन्होंने संबंधित सचिव एवं रोजगार सहायक को गुणत्तायुक्त आवास निर्माण करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ पंचायतों को आवश्यक सामाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं हितग्राही उन्मुखीकरण पर भी जोर दिया।

### धारदार हथियार रखने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने और लोगों को डराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 6 ई-मार्केट, बीएसपी अस्पताल गेट के सामने अवैध रूप से धारदार हथियार रखकर लोगों को डराने वाले को पकड़ा गया। भिलाई नगर की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना मिलने पर युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। युवक का नाम सेक्टर 6 निवासी किशोर राम उर्फ बबुआ होना बताया है।

**सियासत :** संगठन मजबूत बनाने सभी एक जुट हो : अनिला

# दल्लीराजहरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने पदभार किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष रतिराम कोसमा का पदभार ग्रहण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह की मुख्य अतिथि डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिला भेड़िया ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की विचारधारा और नीति के अनुरूप लगातार संघर्ष करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रतिराम कोसमा के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी चुनावों में पार्टी को निर्णायक सफलता मिलेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष का पद जिम्मेदारियों से भरा होता है और यह किसी "कांटों भरे ताज" से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना, सबकी बात सुनना और संगठन में समन्वय बनाए रखना ही सफलता की कुंजी है। कांकेर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी वीरेश ठाकुर ने कहा कि रतिराम कोसमा का संगठनात्मक अनुभव ब्लॉक कांग्रेस के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। जिला महामंत्री एवं प्रदेश आदिवासी कांग्रेस में उनके कार्यों का अनुभव अब दल्लीराजहरा ब्लॉक कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। समारोह के दौरान कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से चंद्रकांता कुमार, ईश्वरलाल सोनवानी, मोहन साहू, उन्नीकृष्णन, गजालाल खांडेकर, नूरजहां बेगम, हीरालाल पवार और उदय राम साहू शामिल रहे।





# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन व अतिक्रमण कार्रवाई की समीक्षा
- पारदर्शी व निष्पक्ष कार्रवाई पर दिया जोर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अलावा राजस्व प्रकरणों के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन के कार्य तथा अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से अवैध कब्जा हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने तहसीलदार मारएँ बंगला देवरी से पसौद से दुर्ग मार्ग में अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अविवादित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के भी निर्देश दिए

## राधा-कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन हुआ



**गुण्डरदेही।** नगर के प्राचीन और आस्था के केंद्र राधा कृष्ण बड़े मंदिर के कायाकल्प की तैयारी पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपए की राशि से होने वाले कार्यों का सोमवार को विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन मे मुख्य रूप से गीता देवी राय, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर की धर्मपत्नी एवं तिमिरेंदु शेखर, कंवर सोहन सोनी एवं भारत सोनकर, उपेन्द्र साहू, प्रमोद कंवर और रवि मानिकपुरी उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि मंदिर की भव्यता को सहेजने के लिए यह जीर्णोद्धार अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने घोषणा की कि कल से ही तत्काल प्रभाव से निर्माण और सुधार का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को जल्द ही मंदिर का नया और व्यवस्थित स्वरूप देखने को मिलेगा। मंदिर समिति और उपस्थित अतिथियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस राशि से मंदिर परिसर की सुविधाओं और सुंदरता में वृद्धि होगी।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार व विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2025–26 में उत्तीर्ण भैया बहनों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। यह परीक्षा प्रति वर्ष नैतिक शिक्षा, भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, ऋषि परंपरा, वेद पुराण रामायण, गीता, महापुरुषों के जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग आयुर्वेदिक शिक्षा, विज्ञान एवं खेल से संबंधित होता है। जिससे भैया बहनों का बौद्धिक विकास होता है। कक्षा सह प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने विद्यालय परिवार की ओर से लेखनी प्रदान कर सम्मानित किया व बधाई दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य सूखीत कलीहारी, आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी छवि लता पटेल, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर, लीलेश्वरी साहू, दिव्यानी सेन एवं बड़ी संख्या में भैया बहन उपस्थित थे।

## बालोद जिले के ग्राम मोखा में पूर्व सीएम बघेल का भव्य स्वागत किया



**गुण्डरदेही।** सोमवार को पुर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बालोद जिले के इस बीच ग्राम मोखा के सरपंच महेंद्र साहू के नेतृत्व मे सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पुर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कचरु राम साहू, जनपद सदस्य रामेश्वर चन्द्राकर, दीपक साहू, भोजराम साहू, पृथ्वी राम तेलासी, रामरतन साहू, उप सरपंच सियाराम साहू व समस्त पंचगण दीनबंधु, तोमेश साहू, हमेंद्र साहू, तोमन लाल गोकुल राम, रोहित कुमार, चंद्रकांत साहू एवं ग्रामीणजन व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### ग्राम मोखा में दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

**गुरूर।** ग्राम मोखा मे दो दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। जिसमे ग्राम चितौद प्रथम, कुलिया द्वितीय, कोलिहामार तृतीय, दल्लीराजहरा चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस अवसर विजेताओं को सम्मनित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सीतेश कटेंद्र, उपसरपंच पंचराम निषाद, भावेश महेंद्र, मन्नू कलिहारी थे। विशेष अतिथि सरपंच अश्वनी युगल किशोर साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशी कलिहारी, पुष्पेंद्र कटेंद्र, हेमराज कलिहारी, घनाराम यादव, राधेलाल यादव, महेश यादव, सुखनन्दन साहू और रॉयल फ्रेंड्स क्लब के सदस्यगण और ग्राम वासी जन उपस्थित थे।

### ग्राम बम्हनी में राज्य स्तरीय शाकंभरी महोत्सव आज

**बालोद/निकुम।** पटेल समाज सिब्दी राज एवं ग्रामवासी बम्हनी के संयुक्त तत्वाधान में विराट कोसरिया मरार पटेल समाज के तत्वाधान में ग्राम बम्हनी में राज्य स्तरीय शाकंभरी महोत्सव का 3 फरवरी मंगलवार को आयोजित किया गया है। सिब्दी राज अध्यक्ष द्वारिका पटेल ने बताया कि प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक कलश यात्र निकाली जाएगी जिसके बाद मां शाकंभरी की पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम व अतिथियों का स्वागत होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक गुंण्डरदेही कुंवर सिंह निशाद होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मरार समाज रायपुर सुनील पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य लोकेश्वरी भूपेंद्र साहू, ग्राम सरपंच कचरा बाई सहित बड़ी संख्या में 20 गांवों से सामाजिक जन पहुंचेंगे। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष रोहित पटेल ने दिया।

**आयोजन**

कुरीतियों के विरुद्ध किया संघर्ष किया

# बाबा रविदास जी की 649वीं जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित कला केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महान संत कवि एवं समाज सुधारक संत बाबा रविदास जी की 649वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई। बाबा रविदास जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनों ने उनके जयकारे लगाए और उनके आदर्शों एवं कार्यों को स्मरण किया।

जिला महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि 15वीं शताब्दी के महान संत रविदास जी युग प्रवर्तक संत थे। उन्होंने उस दौर में समाज में व्याप्त ऊंच–नीच, छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य किया और समरस समाज की स्थापना का संदेश दिया।

राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक म्हास्के ने कहा कि संत किसी एक समाज के नहीं होते, उनका जन्म समस्त मानवता के कल्याण के लिए होता है। संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त बुराइयों के विरुद्ध अलख जगाई। उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए मानव समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा और वे युगों–युगों तक पूजनीय रहेंगे। जनपद पंचायत डौंडी लोहरा उपाध्यक्ष





जय लाल मालेकर ने संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति काल में उनका जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में जाति–पांति और भेदभाव का बोलबाला था। उन्होंने समानता, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध वचन "मन चंगा तो कठौती में गंगा" मन की शुद्धता और कर्म की पवित्रता को महत्व देता है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष के.आर. डहरी ने संत रविदास जी के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों का विरोध किया और निराकार ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया। उनकी भक्ति रचनाएँ लोकवाणी में प्रचलित हैं तथा गुरु ग्रंथ साहिब एवं पंचवाणी में भी संकलित हैं।

नगर पालिका परिषद बालोद की पार्षद सुनीता मनहर ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने समानता और मानव अधिकारों पर आधारित समाज की कल्पना की, जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम का समापन संत बाबा रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने एवं सामाजिक समरसता को सु–ढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, वीरेंद्र साहू, महामंत्री राकेश छोटू यादव, सौरभ लूनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, कौशल साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, निशा योगी, हरीश सांखला, ताराचंद सांखला, युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलशन साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोना टुवानी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष समीर खान, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, अरुण साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निकुम-खुर्सीपार मार्ग की हालत 15 साल से बदहाल, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत निकुम–खुर्सीपार मार्ग, जो राजनांदगांव और बालोद जिलों को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग है, आज बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क पर

- वर्षों से जर्जर सड़क, जिम्मेदारों ने की अनदेखी
- जगह–जगह गड्ढे, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से गुजरना लोगों के लिए मजबूरी बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 15 वर्षों से इस सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी की गंभीर नजर इस ओर नहीं पड़ी। कांग्रेस और भाजपा की सरकारें बदलती रहीं, विधायक और नेता भी बदले, लेकिन सड़क की स्थिति जस की तस बनी रही। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। वहीं, स्कूली बच्चे, किसान और मरीजों को इस मार्ग से गुजरते समय भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस संबंध में वर्तमान कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत के लिए प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग की मरम्मत कराई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# आदिम संस्कृति के संगम के रूप में ग्राम रेंगाडबरी में धूमधाम से मनाई गई मड़ई





**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में पारंपरिक आस्था, आदिम संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक मड़ई पर्व 28 जनवरी को हर्षोल्लास एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। गहिरा राउत द्वारा ठाकुर जोहार के साथ मड़ई की विधिवत शुरुआत की गई। देव पंच, सिरहा-गायता, पुजारी व ग्राम पटेल की उपस्थिति में डिहवारिन दाई सहित समस्त देवी-देवताओं का आवाहन कर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मड़ई प्रारंभ हुई। समीपवर्ती गांवों से आमंत्रित देवी-देवताओं के साथ ग्रामवासी पारंपरिक वेश-भूषा में डांग, कंदई, बाना-बरछी आदि शक्ति प्रतीकों सहित मड़ई हाट पहुंचे, जिससे वातावरण आध्यात्मिक व सांस्कृतिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। मड़ई भ्रमण के दौरान देव परघाई, देव बिहाई एवं मड़ई भांवर की रस्में पूर्ण कर देवी-देवताओं को सम्मानपूर्वक उनके स्थान तक पहुंचाया गया, जहां घर-घर से आरती लेकर स्वागत किया गया। मड़ई आयोजन में सिरहा-गायता, देव पंच, पुजारी, ग्राम पटेल एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

आयोजन आदिम संस्कृति, सामुदायिक एकता और सामाजिक-आर्थिक जीवन के जीवंत संगम के रूप में देखने को मिला। आयोजकों ने शासन-प्रशासन से अपील की कि ऐसे पारंपरिक आयोजनों में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल लगाकर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई जाए।

आयोजन में रहा सामूहिक सहयोग

# नगर में दो दिनी मानस गान प्रतियोगिता हुई, 22 मंडलियों ने बिखेरा भक्ति रस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के वार्ड पाररास में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में अंजनेय मानस परिवार अम्बागढ़ चौकी एवं महिला वर्ग में सुर सगिता महिला मानस परिवार पोटियाडीह धमतरी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग में सूर सरिता मानस परिवार मोगरा पाली उड़िसा द्वितीय, पुरुष वर्ग में वसुन्धरा मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद तृतीय स्थान, पुरुष वर्ग में भरत भाई मानस परिवार भटगांव चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में निकेतन मानस परिवार नेवारी खुर्द को पंचम स्थान का पुरस्कार प्रदान किया गया। महिला वर्ग में श्रीराम भक्ति महिला मानस मंडली बोड़रा द्वितीय, मां लक्ष्मी महिला मानस परिवार अहिवारा तृतीय स्थान, महिला वर्ग में सिया के राम महिला मानस मंडली रेवती नवागांव चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में हंस वाहिनी बालिका मानस परिवार रामनगर भिलाई को पंचम स्थान का पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन समिति की ओर से पुरुष वर्ग में श्रेष्ठ व्याख्या मे अंजनेय मानस परिवार अम्बा गढ़ चौकी, तबला वादन में निकेतन मानस परिवार नेवारी खुर्द एवं श्रेष्ठ गायन में सुर सरिता मानस परिवार मोगरा पानी उड़िसा को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में भी श्रेष्ठ व्याख्या मे सुर सगिता मानस परिवार पोटियाडीह धमतरी, श्रेष्ठ गायन में राम भक्ति महिला मानस मंडली बोड़ला एवं श्रेष्ठ अनुशासन में हंस वाहिनी बालिका मानस परिवार रामनगर भिलाई को सम्मान दिया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष लोकेश साहू ने बताया कि पाररास में मानस गान प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का यह 28 वां वर्ष समस्त वार्ड वासीयों वार्ड 1 एवं 20 के सहयोग से छत्तीसगढ़ अंचल के 22 मानस मंडलीयो ने भाग लेकर मानस गंगा को मानस मंच के माध्यम से प्रवाहित किया। आयोजन में अपनी सहभागिता प्रदान करने वालों में चिंता राम साहू, संतोष कौशिक, चुन्नी लाल साहु, दुर्गेश तारम, एवन साहू, मदन साहू, दिनेश्वर साहू, युगल साहू, तिजु कौशिक, बेनी राम साहू, गौकरण साहू सहित समस्त वार्ड वासीयों का सहयोग रहा।





## हेमंत कुमार साहू ने योग विज्ञान में पीएचडी की उपाधि मिली



**बालोद।** जिले के ग्राम चिरईगोड़ी निवासी हेमंत कुमार साहू पिता स्व. पुनूराम साहू ने योग विज्ञान मे पीएचडी की उपाधी प्राप्त किया। राज्यपाल ने हेमंत कुमार को उपाधी प्रदान की। हेमंत कुमार साहू ने श्री रावतपुरा सरकार वि"वविद्यालय रायपुर से प्रोफेसर कप्तान सिंह के मार्गदर्शन में उनका विशय किशोरो की सृजनात्मकता तथा समस्या समाधान की क्षमता पर यौगिक अभ्यासो का प्रभाव था। हेमंत कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा की पढ़ाई ग्राम चिरईगोड़ी एवं माध्यमिक शिक्षा बी जामगांव व हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्नेवाड़ा से किया। उच्च शिक्षा के लिए देव संस्कृति वि"वविद्यालय गायत्री कुंज हरिद्वार से योग विज्ञान के साथ बीएससी एवं एमएससी की पढ़ाई पूर्ण किया। पीएचडी उपाधि के लिए छ.ग. के राज्यपाल रमेन डेका ने श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय मे चतुर्थ दीक्षांत समारोह को हेमंत कुमार साहू को डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधी से सम्मानित किया।

# श्री शांतिनाथ जिनालय में ध्वजारोहण रजत महोत्सव की भव्य तैयारी शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के श्री शांतिनाथ जिनालय जिन मंदिर के ध्वजारोहण रजत महोत्सव हेतु प्रवर्तिनी श्री निपुणा शिशु मंडल का सम्यक सानिध्य प्राप्त होगा।इसी तारतम्य में आज साध्वी बृंद का मंगल प्रवेश हुआ।आगे आने वाले दिनों में अन्य साध्वी बृंद का क्रमशः मंगल आगमन होगा।पच्चीस वर्ष पूर्व नगर में जैन मंदिर के प्रतिष्ठा दिवस के बाद से प्रतिवर्ष प्रतिष्ठा दिवस के सुअवसर पर ध्वजा महोत्सव मनाया जाता है।

लाभार्थी परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत मंदिरजी के शिखर पर ध्वजा लहराया जाता है।ध्वजा महोत्सव की शुरुआत आठ फरवरी से पत्रिका लेखन कुमकुम कार्यक्रम से होगा।रजत महोत्सव के प्रथम दिवस 20 फरवरी को जिन मंदिर में प्रातः नौ बजे से अठारह अभिषेक पूजा दोपहर तीन बजे से महिलाओं के द्वारा साझी मेंहदी व रात्रि में साढ़े सात बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला व बालिका मंडल द्वारा होगा। 21 फरवरी द्वितीय दिवस जिन मंदिर से सुबह नौ बजे से भव्य वरघोड़ा निकलेगी जो सम्पूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए पुनः जैन मंदिर में संपन्न होगी।रात्रि आठ बजे से भव्य भक्ति संध्या का कार्यक्रम नगर के लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम में पिंटू स्वामी के द्वारा किया जाएगा। तृतीय दिवस जैन मंदिर में महा पूजन व ध्वजारोहण प्रातः नौ बजे से अरविंद भाई चौरडिया की टीम के द्वारा सम्पन्न किया जाएगा।



25 वर्ष पूर्व हुई थी प्राण प्रतिष्ठा -सन 2001 में नगर के जैन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तब से लेकर प्रतिवर्ष इसी शुभ दिवस पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजा महोत्सव मनाया जाता है। ध्वजा के लाभार्थी परिवार के द्वारा विधिविधान से प्रतिवर्ष मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया जाता है। पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष रजत ध्वजा महोत्सव का कार्यक्रम विविध धार्मिक कार्यक्रम व साध्वी बृंद के सानिध्य में संपन्न होगा।

# कोड़िया स्कूल में उल्लास नवसाक्षर मेला का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राथमिक माध्यमिक और

- सेल्फी पॉइंट बना आकर्षण का केंद्र, नवाचारों से दी साक्षरता की सीख दी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से उल्लास नवसाक्षर मेला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत हिंदी अंग्रेजी और गणित विषयों से संबद्ध बड़े अक्षरों ,अंकों वाले चार्ट,पोस्टर एवं पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई,ज्यामितीय आकृतियों के प्रतिदर्श एवं नवसाक्षरों के लिए उपयोगी सामग्री का प्रदर्शन किया गया साक्षरता जागरूकता के लिए बनाया गया सेल्फी प्वाइंट ग्रामीणों एवं बच्चों के लिए उल्लास मेले का विशेष आकर्षण रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष आनंद चंद्राकर ग्राम सरपंच खुमान निषाद रहे। कार्यक्रम का संचालन शाला की व्याख्याता रीना पिलोदिया द्वारा प्राचार्य नीलमणि उजवने के मार्गदर्शन में सुधा राय छगनलाल गेंड्रे संकुल समन्वयक जागेश्वरी वर्मा तथा प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया के समस्त शिक्षकों के सहयोग से किया गया नवसाक्षरों की जागरूकता की दिशा में इस कार्यक्रम आयोजन पूर्ण सफल रहा। इस अवसर पर प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



ग्रामीण खेल मैदान में जुटे जनप्रतिनिधि

# कबड्डी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को मिली खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़ेला के आश्रित ग्राम खुसऍपार में कबड्डी प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख थे, अध्यक्षता जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा ने किया।

इस दौरान जन प्रतिनिधियों के हाथों ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने सुभाष क्रीड़ा मंडल खुसऍपार को बेहतर खेल खेलने कबड्डी मेट प्रदान किया, ग्राम गोड़ेला में सतनाम भवन से लेकर अटल चौक तक सीसी रोड का भूमिपूजन किया, इस अवसर पर ग्रामीणों की मांग पर निकुम खुसऍपार सड़क को जल्दी बनाने बात कही। चेमन देशमुख ने कहा हमारी भाजपा सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही और अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे इस दिशा में निरंतर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है, आपके गांव के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी, आने वाले समय में प्राथमिकता क्रम में आपके गांव में विकास कार्य होंगे। पवन सोनवर्षा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार पिछले 23 महीनों से सभी वर्गों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। हमने अन्नदाताओं के हित में कृषक उन्नति योजना, पक्का मकान देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, माताओं और बहनों को सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना तथा दूरस्थ अंचलों के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शिक्षक युक्तियुक्तकरण जैसे कदम उठाए हैं। इस अवसर पर ग्राम सरपंच वागीश बंजारे ने कहा हम सब मिलकर गांव का विकास करेंगे, इस अवसर पर भाजपा मंडल अर्जुन्दा अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता, जनपद सदस्य नेम बाई चुम्मन साहू, पूर्व सरपंच रामेश्वर ठाकुर, मोती हरमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन थे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

